कार्यालय प्राचार्य,
शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली, जिला–दुर्ग (छ.ग.) पिन–490006
Phone & Fax No. : 0788–2990780 website- www.gncrisali.ac.in E-mail : govtncrisali15092021@gmail.com

क्रमांक / 107 / अतिथि व्याख्याता / 2024 रिसाली दिनांक 15/07/2024

–:::अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विज्ञापन:::–

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक / 574 / 126 / अराज.स्था. / 2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 06.07.2024 एवं छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 3–54 / स्था. / 2020 / 38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20.06.2024 के आदेशानुसार **शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली जिला दुर्ग (छ.ग.)** में **विषय गणित** में अध्यापन व्यवस्था / पुस्तकालय / खेलकूद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन **दिनांक 23.07.2024 को सायं 05.00 बजे तक** केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–

1– अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि क्रीड़ा अधिकारियों को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (असंपन्न वर्ग) एवं दिव्यांगजन अभ्यार्थियों के लिये स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

2– **आयु सीमा** :– अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक। अतिथि ग्रंथपाल / अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि ग्रंथपाल सहायक / क्रीड़ा सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक।

3– छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विषय/पदों का विवरण-

क्र.	विषय	रिक्त पद एवं संख्या		
		अतिथि व्याख्याता	अतिथि ग्रंथपाल	अतिथि क्रीड़ा अधिकारी
1.	गणित	01	01	01

टीप– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

शर्तें–

01 – आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम.फिल./पी–एचडी, अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।

02 – दिनांक 23.07.2024 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वय उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।

03 – अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

04 – प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 27.07.2024 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट www.gncrisali.ac.in पर प्रकाशित किया जायेगा।

05 – गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 30.07.2024 तक होगी।

06 – अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 03.08.2024 को किया जायेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट www.gncrisali.ac.in अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।

07 – आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं हैं। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं हैं एवं पूर्व में किसी महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई हैं।

08 – आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्त्तव्य स्थल पर उपस्थिति नहीं होता हैं तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

09 – अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

I/C

प्राचार्य

Principal

शासकीय नवीन महाविद्यालय

Govt. Naveen College

रिसाली, जिला-दुर्ग

Risali, Distt.-Durg (C.G.)

पृ.क्र./108 /अतिथि व्याख्याता/2024 रिसाली दिनांक 15/07/2024

प्रतिलिपि– 1– आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय ब्लाक सी–3, द्वितीय व तृतीय तल इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

2– अपर संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)

3– प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय शास.व्ही.वाय.टी. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

4– शासकीय महाविद्यालय..को सूचना पटल में चस्पा करने हेतु।

I/C
Mukherjee

प्राचार्य
Principal
शासकीय नवीन महाविद्यालय
Govt. Naveen College
रिसाली जिला दुर्ग (छ.ग.)
Risali Distt.-Durg (C.G.)